100-पाउंड की समस्या



जेनिफर डसलिंग

चित्र: रेबेका थॉर्नबर्ग

100-पाउंड की समस्या

जेनिफर डसलिंग
चित्र: रेबेका थॉर्नबर्ग

यह एक चमकदार धूप वाला दिन था। स्कूल बंद था। मछली पकड़ने के लिए वो एक बढ़िया दिन था। और वॉल्ट अब बस वही करने वाला था।



लोग, समुद्र के किनारे पर मछली पकड़ रहे थे। उन्हें ज़्यादा मछलियाँ नहीं मिलीं। लेकिन वॉल्ट को इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता था। वह अपने चचेरे भाई रोजर के कारण एक टापू पर जा रहा था।



रोजर ने कहा कि वॉल्ट उनकी नाव उधार ले सकता था। वैसे रोजर किसी को भी अपनी नाव का इस्तेमाल नहीं करने देता था। क्योंकि उसके पापा ने नाव बनाई थी, इसलिए वो बहुत खास थी।



वॉल्ट ने अपना सामान नीचे रखा। तुरंत ही उसके कुत्ते पैच ने लंच बैग को सूंघना शुरू कर दिया। उसमें रोस्ट बीफ़ सैंडविच थीं!
"नहीं, पैच!" वॉल्ट ने कहा। पैच दोषी लग रहा था। वॉल्ट ने नाव पलटी। उस पर लिखा था।

"अह-ओह," वॉल्ट ने पैच से कहा। "मुझे लगता है कि हमारे पास 100-पाउंड से ज़्यादा वज़न है!"

वॉल्ट जानता था कि उसका वज़न लगभग 65 पाउंड था। स्कूल नर्स ने उसे यह बताया था। उसे पता था कि पैच का वज़न 20 पाउंड था। जानवरों के डॉक्टर ने ऐसा कहा था। तो वो कुल 85 पाउंड हुआ!

फिर उसका सारा सामान भी तो था।
उसका लंच। उसका मछली पकड़ने
का सामान (गेयर)। उसका भारी बैग।
इन सबका वज़न कितना था?

वॉल्ट ने कहा, "बहुत बुरी बात है कि हमारे पास कोई तराज़ू नहीं है, है ना, पैच?"

फिर उसे यह बात सूझी कि वह खुद एक तराज़ू बना सकता था!



वॉल्ट को एक पुरानी नाव का एक तख्ता मिला।
उसने उसे एक चट्टान पर संतुलित किया।
वह थोड़ा-बहुत सी-सॉ जैसा दिख रहा था।





वॉल्ट का संतुलन तराजू



"ठीक है, पैच," वॉल्ट ने कहा। "तुम मेरी मदद करोगे।"

वॉल्ट ने अपने तराजू की ओर इशारा किया।
पैच उस पर कूद पड़ा।

वॉल्ट ने बताया, "अब मैं पता लगा सकता हूं कि तुम्हारे मुकाबले मेरे सामान का वज़न कितना है।"

वॉल्ट ने धीरे से बैग को तराजू पर रखा। तराजू हिला नहीं। इसका मतलब था कि बैग का वज़न, पैच से कम था।





"अब मैं मछली पकड़ने के गेयर का वज़न करूँगा," वॉल ने कहा।

तराज़ू अभी भी नहीं हिला.
इसलिए फिशिंग-गियर भी पैच से हल्का था.

"क्या तुम्हें पता है?" वॉल्ट ने कहा।
"अब मैं अपना सारा सामान तराज़ू पर रखूँगा!"



जब उसने ऐसा किया – तो पैच का सिरा ऊपर उठ गया!

इससे वॉल्ट को यह पता चल गया कि तीनों चीजें मिलकर पैच से भारी थीं।

"अगर मैं कुछ निकाल लूँ तो क्या होगा?" वॉल्ट ने सोचा।

उसने पैच को फिर से तराज़ू पर बैठने को कहा। फिर वॉल्ट ने अपना लंच निकाल दिया।

इस बार तराज़ू संतुलित हो गया!

"वाह!" वॉल्ट ने कहा। "इसका मतलब है कि फिशिंग गियर और बैकपैक का वज़न 20 पाउंड है—तुम्हारे जितना ही, पैच!"





वॉल्ट ने कहा, "अब मुझे पता है कि मुझे क्या करना है।" "मैं एक बार में कुछ ही चीज़ें साथ लूँगा। और मैं ध्यान रखूँगा कि नाव में 100-पाउंड से ज़्यादा वज़न न हो।"

अपनी पहली ट्रिप के लिए वॉल्ट ने अपना लंच और फिशिंग-गियर लिया।

जैसे ही वह आगे बढ़ा, पैच ने उदास आँखों से वॉल्ट को देखा। "सॉरी मेरे दोस्त," वॉल्ट ने कहा, "अगर मैं तुम्हें भी ले जाऊँगा, तो हमारा वज़न 100 पाउंड से ज़्यादा हो जाएगा। तुम अगली बार चलना।"

नाव खाड़ी के पार चली गई। एक तरफ, एक पक्षी ने पानी से एक बड़ी मछली को झपटा!

वॉल्ट ने सोचा, "मुझे उम्मीद है कि आज मैं भी उस पक्षी की तरह ही खुशकिस्मत होऊंगा।"



वॉल्ट को अपना सामान, नाव से टापू तक ले जाने और वापस किनारे तक आने में बस कुछ ही मिनट लगे। पैच इंतज़ार कर रहा था। वॉल्ट ने कहा, "अंदर कूदो, लड़के!"

वॉल्ट ने अपने बैगपैक को देखा। "मुझे पक्का नहीं पता कि बैगपैक का वज़न कितना होगा," उसने सोचा। "मैं सुरक्षित रहूँगा और एक और ट्रिप करूँगा।"

पैच को नाव की सवारी बहुत पसंद थी। जब भी वह दूसरी नाव देखता, तो हैलो कहकर भौंकता। एक नाव में एक बड़ा कुत्ता था। पैच बहुत उत्तेजित हो गया। वह तब तक भौंकता और अपनी पूंछ हिलाता रहा जब तक कि दूसरा कुत्ता भी वापस नहीं भौंकने लगा।

जब वॉल्ट टापू पर पहुंचा, तो पैच नाव से कूद गया और सीधे लंच बैग की तरफ भागा। उसने उसे सूंघा और चिल्लाया।

"नहीं, पैच!" वॉल्ट चिल्लाया। उसमें रोस्ट बीफ़ सैंडविच था। पैच को रोस्ट बीफ़ बहुत पसंद था।

"अरे-अरे!" वॉल्ट ने सोचा। "मुझे अभी अपना बैकपैक लाना है। लेकिन मैं पैच को यहाँ अपने सैंडविच के साथ अकेला नहीं छोड़ सकता। जब तक मैं वापस आऊँगा, वो सैंडविच खा जाएगा!"

"मुझे पता है!" वॉल्ट ने कहा। जवाब आसान था- वह पैच को टापू पर छोड़ सकता था– और लंच बैग अपने साथ नाव में ले जा सकता था! मैं कुछ ही देर में वापस आ जाऊंगा," उसने पैच से कहा।

जब वॉल्ट अपनी तीसरी ट्रिप से वापस आया, तो पैच कूदने और भौंकने लगा। वॉल्ट ने मज़ाक में कहा, "मुझे देखकर खुश हो या सैंडविच देखकर?"

वह किनारे पर उतरा और उसने गहरी सांस ली। अब सब कुछ ठीक वैसा था जैसा वो चाहता था।



"चलो, पैच?" वॉल्ट ने कहा।
"अब मछली पकड़ने जाने का समय हो गया है!"
पैच तुरंत नाव में कूद गया।



वॉल्ट ने नाव चलाकर पानी में लाइन डाली। आखिरकार वह वही कर रहा था जो उसने करने की ठानी थी—वह मछली पकड़ रहा था। उसे बहुत अच्छा लग रहा था।

अचानक वॉल्ट को लाइन पर खिंचाव महसूस हुआ। बहुत ज़ोर का खिंचाव! इसका मतलब था कि किसी मछली ने चारा पकड़ लिया था।

वो एक बड़ी मछली थी!

मछली की बंसी, धनुष की तरह मुड़ गई, लेकिन वॉल्ट ने उसे कसकर पकड़ रखा था। मछली लड़ती रही। पैच भौंकता रहा।

आखिरकार वॉल्ट ने मछली को अंदर खींच लिया।

यह एक बड़ी मछली थी... एक भारी मछली! ओह, नहीं! उसकी चोटी नाव, वॉल्ट और पैच, फिशिंग-गेयर और बड़ी, भारी मछली के भार को को कैसे संभाल सकती थी?

इससे पहले कि वॉल्ट तय कर पाता कि क्या करना है...

छप छप!

पैच ने इसका पता लगा लिया था!

पैच तैरकर टापू पर गया। उसने खुद को झाड़कर सुखाया। और फिर, जब वॉल्ट नाव से देख रहा था, पैच ने खुद को इतना स्मार्ट कुत्ता होने का इनाम दिया।



वॉल्ट को कोई दिक्कत नहीं हुई। आखिर उसका दिन बहुत अच्छा बीता था। उसने एक बड़ी मछली पकड़ी थी, और उसने 100-पाउंड की समस्या भी सुलझा ली थी। क्या वह पैच के बिना यह कर पाता? बिल्कुल नहीं!



वजन चार्ट

वॉल्ट के तराज़ू को देखो। हर वज़न की तुलना जादुई बक्से से कैसे की जाती है?



1. वॉल्ट बहुत भारी है.



2. मछली पकड़ने का सामान हल्का है।



3. बैकपैक और फिशिंग गियर का वज़न लगभग बराबर है।



4. फिशिंग गियर और बैकपैक भारी हैं।